हनुमान मंदिर पर चढ़ाया 31 किलो का घंटा

वैर। कस्बे के भोपर रोड स्थित बरकत वाले हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं ने शनिवार को 31 किलो का घंटा व गदा मंदिर पर चढ़ाए गए। कस्बे में होकर शोभायात्रा निकाली गई।जिसका जगह जगह पर स्वागत किया गया।

बरकत वाले हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर पर 31 किलो का घंटा व गदा चढाने के लिए हुये कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः काल मंदिर से शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई जो कस्बे के भुसावर गेट चौराहे,कुम्हेर गेट,सीताराम जी मंदिर,पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड,पुलिस थाना,बिजली घर चौराहे सहित विभिन्न मार्गो से होकर निकाली गई।शोभायात्रा में महिला , पुरुष व बच्चे सहित अनेकों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को कस्बे में गर्मी के चलते जगह जगह पर ठंडे पेय जल, शिकंजी ,जूस ,शरबत आदि व्यवस्था श्रद्धालुओं द्वारा की गई । शोभायात्रा मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई जहां पंडित जितेंद्र शर्मा ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवा कर मंदिर पर घंटा व गदा चढ़वाए।

जमीन विवाद में वृद्ध की हत्या, क्षेत्र में सनसनी फैली

कैलादेवी (निंसं.)कैलादेवी थाना क्षेत्र के बावली गांव में भूमि विवाद को लेकर वृद्ध की हत्या हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन जिला चिकित्सालय में एकत्रित हो गए। जहॉ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

जमीनी विवाद को लेकर वृद्ध कि हत्या कर देने के बाद दलित समाज के लोगो मे भारी रोष दिखाई दिया और वह मांग पूरी नही होने तक शव लेने को राजी नही हुये।पीड़ित परिवार के लोगों एवं बैरवा समाज करौली के लोगों ने हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने,गांव में सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी स्थापित करने के साथ सुरक्षा हेतु हथियारों के लाइसेंस दिए जाने,खसरा नंबर 125, 126, 3 बीघा 17 बिस्वा भूमि को वापस दिलवाए जाने,पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिए जाने,पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने,घटना मे लिप्त पुलिसकर्मी शिवचरण शर्मा को बर्खास्त कर शीघ्र गिरफ्तार करने एवं गांव बावली के एससी बस्ती के लोगों जो पलायन की स्थिति में है उन्हें रोके जाने की मांग की। मामले की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंहएसपी शैलेंद्र इंदौलिया, उप जिला कलेक्टर अमिल वर्मा एएसपी कृष्ण चन्द यादव,महिला प्रकोष्ठ के एएसपी किशोर बुटोलिया,कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश मीणा,कुडगॉव थानाधिकारी नीरज शर्मा,जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी लाल बैरवा मौके पर पहुंचे और समझाइश की। जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम पर सहमत हुए। और दोपहर 2:30 बजे मेडीकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

करौली अस्पताल में जमीनी विवाद को लेकर हुई वृद्ध की हत्या के बाद पुलिस ने लोगों से समझाईश की।

मृतक के पुत्र रामफल बैरवा पुत्र भिकारी बैरवा के अनुसार परिवार का गांव के ही दूसरे परिवार से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। जिसकी कई बार एफआईआर कराई जा चुकी है। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कार्यवाही नहीं की गई। जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। भिकारी बैरवा पुत्र ग्यारसा बैरवा 74 निवासी बावली थाना कैलादेवी शुक्रवार दोपहर को राजौर गांव में पेंशन की राशि निकालने गए थे। शाम करीब 6 बजे गांव से घर लौटते समय आरोपियों ने राजौर गांव में मारपीट कर दी। जिससे भिकारी बैरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर कैलादेवी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। परिजनों ने उसे देर रात करौली चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शनिवार प्रातः मृत्यु हो गई। मौत की सूचना के बाद जिला चिकित्सालय में परिजन और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

सामाजिक कार्यक्रमों को प्राथमिकता दें : शर्मा

सवाई माधोपुर। अखिल भारतवर्षीय श्रीगुर्जरगौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने सवाईमाधोपुर निवासी सामाज के संघर्षशील व्यक्ति सुरेंद्र शर्मा (पत्रकार) को प्रदेश सूचना प्रसारण मंत्री पद पर पदोन्नत किया। शर्मा का मंत्री बनने पर सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से शनिवार को सम्मान किया गया। इस मौके पर संरक्षक हरिनारायण शर्मा, जिला अध्यक्ष श्रीकिशन शर्मा, महामंत्री हनुमान शर्मा, हंसराज शर्मा, मदन लाल शर्मा, शिवराज शर्मा, पिंटू शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, पुरषोत्तम, मोहन लाल, हनुमान प्रसाद, श्याम लाल, सतीश चंद, बद्री लाल, मेदती शर्मा, मोहन लाल दीक्षित, रामेश्वर , महेंद्र शर्मा, रामबाबू, अरविंद, सत्य नारायण पाठक, मनोज शर्मा, गिरीश शर्मा सहित कई समाज बंधु ने माला ,साफा एवं राधाकृष्ण की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया एवं इस नियुक्ति पर बधाई दी। इस दौरान शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज को उच्च स्तर पर पहुंचाने के लिए सामाजिक कार्यकर्मो को प्राथमिकता दे तब ही समाज की युवा पीढ़ी सामाज को उच्च स्तर पर पहुंचाएगी।

सार-समाचार

पानी की मांग को लेकर हा-हा कार

बयाना । गर्मी का असर बढने के साथ ही अब गांवों में भी पानी की समस्या विकराल रूप लेने लगी है और पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल संकट से गुस्साए बयाना के गांव कनावर के ग्रामीणों ने षनिवार को बयाना जयपुर स्टेट हाइवे पर सांकेतिक जाम लगाकर प्रदर्षन करते हुए पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने सरपंच पर भी आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। और कहा कि आज पुलिस की परीक्षाऐं होने की वजह से उनका यह सांकेतिक प्रदर्षन है। दो दिन में समस्या का समाधान नही होने पर बडा आंदोलन करेंगे। और स्टेट हाइवे को जाम कर देंगे। पेयजल संकट से गुस्साए ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे पर पत्थर व झाडियां डालकर प्रदर्षन किया। मौके पर किसी विभाग का कोई अधिकारी नही पहुंच सका था।

पंगत लगाकर प्रसादी ग्रहण की

करौली (निंसं.)। करौली पंचायत समिति के अरबकापुरा राजौर गाँव मे यजमान बाबूलाल प्रजापति, ठेकेदार सुमेरप्रजापत, कुंमेर ओमप्रकाश,माखन,हेमराज प्रजापति ने पंडित मुकुट बिहारी ने इंद्र गढ देवी की प्राण प्रतिष्ठा कराई एक सप्ताह से चल रही भागवत की पुर्णाहुति कर लोगो ने पंगत लगाकर प्रसादी पाई।भागवत के समापन में दक्ष प्रजापति विकास संस्थान के संरक्षक रामेश्वर ठेकेदार ने यजमान बाबू लाल प्रजापति का साफा पहनाकर अभिनंदन किया,और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों में आपसी मेल मिलाप बढता है।

डॉक्टर के खिलाफ कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

सैपऊ, (निंसं.)। सैपऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी डॉ की मनमानी से मरीजों के अलावा अब स्टाफ भी तंग आ गया है। डॉ दीपक गुप्ता के व्यवहार से तंग आकर हॉस्पिटल स्टाफ के कर्मचारी हड़ताल पर उतरने के लिए विवश रहे हैं। एकजुट हुए हॉस्पिटल स्टाफ में शामिल एएनएम, रेडियोठाफर, टेक्नीशियन सहित समस्त नर्सिंग कर्मचारियों की ओर से कार्य बहिष्कार करते हुए प्रभारी डॉक्टर के खिलाफ मोर्चा खोला है। हॉस्पिटल परिसर में कर्मचारियों की ओर से नारेबाजी की गई है प्रभारी डॉ पर कर्मचारियों की ओर से मनमानी करते हुए अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रभारी डॉक्टर दीपक गुप्ता की ओर से आएदिन कर्मचारियों के साथ अभद्रता की जा रही है आज भी एक नर्सिंग कर्मचारी के साथ ड्यूटी पर कार्य करने के दौरान उनकी ओर से अभद्र व्यवहार किया गया। जिससे समस्त हॉस्पिटल स्टाफ के कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया और प्रभारी डॉक्टर के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनको प्रभारी पद से हटाने की मांग की गई है।

लोक अदालत में 11372 प्रकरणों का निस्तारण

करौली (निंसं.) । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली प्रहलाद राय शर्मा के निर्देशन में शनिवार को करौली जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों एवं समस्त राजस्व न्यायालयों तथा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग करौली में लंबित सभी प्रकृति के विवादों से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु करौली मुख्यालय पर 9, सपोटरा मुख्यालय पर 1, नादौती मुख्यालय पर 1, ताल्लुका मुख्यालय हिण्डौन सिटी पर 6, श्रीमहावीरजी पर 1 एवं टोडाभीम पर 02 लोक अदालत बैचों का गठन किया गया। इस प्रकार सम्पूर्ण जिले में कुल 20 बैंचों द्वारा लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। करौली मुख्यालय पर बैंच संख्या 1 के अध्यक्ष प्रहलाद राय शर्मा न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय करौली, बैच संख्या 2 के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बैच संख्या 3 के अध्यक्ष मोहित कुमार द्विवेदी मुख्य न्यायिक

- **करौली में 9, सपोटरा में एक बैंच का गठन किया गया**

मजिस्ट्रेट,बैच संख्या 4 की अध्यक्ष श्रीमती नीतू भारद्वाज अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैच संख्या 5 की अध्यक्ष मानू प्रिया सेहरा न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैच संख्या 6 के अध्यक्ष विनित कुमार अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैच संख्या 7 की अध्यक्ष श्रीमती बीना गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैच संख्या 8 के अध्यक्ष देवकरण गुर्जर अध्यक्ष जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग एवं बैंच संख्या 9 की अध्यक्ष श्रीमती सुमन सिंहल प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड करौली की बैचों का गठन किया गया। बैंच संख्या 1 से 8 में एक-एक अधिवक्ता श्याम प्रकाश गर्ग,जयेन्द्र सिंह,वीरेन्द्र कुमार व्यास, राजेश सिंह,समय सिंह जाटव, सैय्यद जुल्फिकार गजेन्द्र कुमार शर्मा, राजूसिंह गुर्जर रहे एवं बैंच संख्या 9 में अमित वर्मा उपखण्ड अधिकारी करौली सदस्य रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्पूर्ण करौली जिले में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में से 7301 प्रकरण रखे गये ।

हनुमान मंदिर में लगाए चांदी के छत्र और मुकुट

बयाना। बयाना उपखंड के गांव पुराहरलाल के जंगलों में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में अज्ञात समाज कंटको की ओर से की गई तोड फोड व आगजनी के बाद वहां पहुंचे पुलिस व प्रषासन के अधिकारीयों ने अब वहां क्षतिग्रस्त झालर घंटों छत्र व मुकुट एवं पर्दों तथा धार्मिक पुस्तकों को हटाकर नए झालर घंटे चांदी के छत्र व मुकुट एवं नए पर्दे लगाकर नई धार्मिक पुस्तकें आदि भी रखवाई है।

जिस पर वहां के ग्रामीणों व भक्तों ने पुलिस एवं प्रषासन के इस कदम की सराहना करते हुए असमाजिक तत्वों या मानसिक विछिप्त की ओर से की गई हरकत की निंदा की। पुलिस व प्रषासन के अधिकारीयों ने मंदिर में हुई षाम की आरती व पूजा अर्चना में भी भाग लिया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अजयषर्मा, प्रभारी उपखंड अधिकारी अमित षर्मा, विकास अधिकारी लखनसिंह कुंतल, कोतवाली प्रभारी हरीनारायण मीणा, उपप्रधान विक्रमसिंह, सहित अन्य ग्रामीण व भक्त जन मौजूद रहे।

डॉ. मीणा की पुण्यतिथि पर वाटर कूलर भेंट कर रोगियों को फल बांटे

करौली अस्पताल में डॉ. हरिमोहन मीणा की पुण्यतिथि पर रोगियों को फल वितरण किए।

करौली (निंसं.)। स्वास्थ विभाग के उपनिदेशक पद से सेवानिवृत डॉ. केएल सेहरा की ओर से उनके बड़े भाई स्वर्गीय डॉ. हरिमोहन मीणा पुत्र नेमजी निवासी शेखपुरा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर करौली के सामान्य चिकित्सालय में भर्ती रोगियों को फल वितरण किए गए एवं वाटर कूलर,आरो,पानी की टंकी लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. केएल सेहरा के साथ अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूरणमल वर्मा, डॉ. बाबू लाल मीणा, डॉ. डी एन शर्मा, डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. सुशील मीणा,नर्सिंग कर्मी भूरसिंह माचीवाल, डिंपल, रवि, राशिद, एजाद आदि लोग उपस्थित थे। जिन्होंने स्वर्गीय डॉ. मीणा के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व भी डॉ. के एल सेहरा ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में जिला अस्पताल की मातृ एवं शिशु इकाई में लोगों को विश्राम करने के लिए विश्राम गृह का निर्माण कराते हुए विशाल शीतल प्याऊ का निर्माण करा कर उसमें आरओ,वाटर कूलर लगाकर चालू करते हुए अस्पताल प्रबंधन को सुपुर्द किया।

योगेश पाराशर बैंक विदेश सेवा में चयन

भरतपुर (निसं) । भरतपुर जिले के एसटीसी हाउसिंग बोर्ड निवासी योगेश पाराशर का भारतीय स्टेट बैंक की प्रतिष्ठित विदेश सेवा जेआईबीओ में चयन हुआ। इसपर योगेश पाराशर का पदस्थापन शिकागो हुआ हैं। अभी वह शाखा प्रबंधक के पद पर एसबीआई की हनुमानगढ़ शाखा में कार्यरत हैं। पाराशर ने अपनी सफलता के पीछे अपने माता पिता का आशीर्वाद होना बताया। वह कहते हैं कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और उसके लिए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता होती हैं। आपकी धर्मपत्नी ग्रहणी हैं। भरतपुर जिले के गणमान्य और शुभचिंतकों ने उन्हें ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित किए जाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

भारतीय स्टेट बैंक प्रतिवर्ष विदेश में स्थित शाखाओं हेतु सिलेक्शन के लिए रपइवपरीक्षा आयोजित करती है। परीक्षा का आयोजन पूरे देश स्तर पर किया जाता है जिसमें भारतीय स्टेट बैंक के हज़ारों अधिकारी भाग लेते हैं । इस वर्ष हुए पेपर मे राजस्थान से मात्र 2 सिलेक्शन हुए है।

आत्मनिर्भर किसान अभियान का आयोजन

सेवर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर किसान अभियान का आयोजन किया गया।

सेवर (निसं) प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भरतपुर की तरफ से सेवर पंचायत समिति के ग्राम पंचायत समिति रूंध इकरन, वछामदी तथा छोटे खैमरा गांव में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वर्णिम भारत की पहचान आत्मनिर्भर किसान अभियान का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम में भ्राता बुद्धा राम पूर्व सरपंच (रूँध इकरन) तथा भ्राता भगवान सिंह सरपंच वछामदी तथा उपसरपंच भ्राता पुरुषोत्तम शर्मा (वछामदी)कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी आगंतुक अतिथियों ने इस कार्यक्रम की शुभकामनायें व्यक्त करते हुए कहा की यह अभियान किसानो के लिए सराहनीय है ।

लोक अदालत में इकत्तर मामले निबटाए

भरतपुर (निसं) । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित बैंच संख्या 6, मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण भरतपुर में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया जिसमें प्री लिटिगेशन में रखे गए 238 प्रकरणों में से 71 प्रकरणों में राशि 3 करोड़ 42 लाख 26 हजार रुपए का लोक अदालत की भावना से पक्षकारान के मध्य राजीनामा हुआ।

जिसमें उक्त अधिकरण के पीठासीन अधिकारी मशरूर आलम खान (न्यायाधीश) अध्यक्ष तथा बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अधिवक्ता अभिषेक जैन सदस्य रहे जिन्होंने पक्षकारान के मध्य राजीनामा कराने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर अधिकरण के कर्मचारी श्री दीपक भंडारी, पुनीत खंडेलवाल एवं अजीत सिंह सोलंकी द्वारा उपस्थित होकर लोक अदालत का कार्य सुचारू रूप से संपादित किया गया।

विधायक ने लिया अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। राजकीय जिला अस्पताल हिंडौन में शनिवार को विधायक भरोसी लाल जाटव, सभापति बृजेश जाटव ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पीएमओ डॉ. नमो नारायण मीणा ने बताया कि शनिवार को विधायक भरोसी लाल जाटव एवं सभापति बृजेश जाटव ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक भरोसी लाल जाटव अपने स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए अस्पताल आए थे।

जिन्होंने ने पीएमओ से अस्पताल में जो कमियां हैं मेडिकल संसाधनों, जांच मशीनों और अस्पताल परिसर में व्यवस्थाओं में जो कमी है। उनका प्रस्ताव बनाकर भिजवाए। ताकि राज्य सरकार से स्वीकृत कराए जा सकें।

इसके अलावा आदर्श स्वास्थ्य केंद्र सूरौठ एवं श्रीमहावीरजी अस्पतालों में जो भी स्टाप संबंधी एवं मेडिकल संसाधनों की कमी के भी प्रस्ताव ताकि सरकार से अस्पतालों में सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

हिण्डौन सिटी में विधायक भरोसी लाल जाटव, सभापति बृजेश जाटव ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पौने आठ बजे तक नहीं खुला स्कूल का ताला

बामनवास । उपखंड क्षेत्र में शैक्षिक सत्र के अंत में भी शिक्षकों की लेटलतीफी का मामला शनिवार को मीणा को लता के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला। विद्यालय में सुबह पोने आठ बजे तक ताला लटका रहा । ग्रामीणों की शिकायत पर सीबीईओ गंगा सहाय मीणा द्वारा तस्दीक करवाई गई,जिस पर पोने आठ बजे तक तीन ही शिक्षक उपस्थित हुए शिक्षकों के इस गैर जिम्मेदाराना रवैया को गंभीरता से लिया गया।

कार्यालय नगरपालिका वैर (भरतपुर) राजस्थान

क्रमांकःन.पा.वैर/2022/16-19 दिनांकः 05.05.2022

निविदा सूचना सं. NIB No.-01/2021

नगरपालिका मण्डल वैर द्वारा निविदादाताओं नगरपालिका वैर क्षेत्र में विभिन्न कार्य के लिए क्र.सं. संख्या 01 पर अंकित कार्य की मोहरबन्द नि विदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक 18.5.2022 को समय पातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिन कार्यालय समय दोपहर 2.00 बजे तक बन्द लिफाफे में प्राप्त कर, उसी दिन कार्यालय समय दोपहर 3.00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा की शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकता है।

अध्यक्ष नगरपालिका,वैर(भरतपुर) — अधिशासी अधिकारी नगरपालिका,वैर(भरतपुर)

मंत्री जाहिदा खान कांग्रेस के चिंतन शिविर में हुई शामिल

कामां (निसं) । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर उदयपुर में आयोजित नव संकल्प चिंतन शिविर का तीन दिवस तक आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजस्थान सरकार के कुछ खास मंत्रियों को शामिल किया गया है जिनमें कामां विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं राजस्थान सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान भी मौजूद हैं जिन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय ,महिलाओं सहित राजस्थान वा बृजमेवत क्षेत्र की फीड बैक वा सुझाव कांग्रेस पार्टी में नई ऊर्जा लाने के संबंध में दिए हे और सामाजिक न्याय समिति में बतौर डेलीगेट अपने विचार रखे हैं पार्टी को किस तरीके से मजबूत किया जा सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जलीस खान ने बताया कि चिंतन शिविर में अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है जो कमेटियां बनाई गई हैं उन कमेटियों द्वारा अनेक तरह के मुद्दे महंगाई से लेकर आम जनता तक की समस्याएं एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

सौरभ कॉलेज ऑफ वेटरनरी में प्रवेश उत्सव मनाया

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। समीप के गांव खेड़ा जमालपुर के सौरभ एजुकेशन कैंपस में स्थित सौरभ कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी साइंस में शनिवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सोसायटी के चेयरमैन कृपाल सिंह मीणा सचिव महेश बेनीवाल विशिष्ट अतिथि विजेंद्र सिंह एवं देवेंद्र सिंह जादौन ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई । आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के लिए आवंटित हुई सभी 80 सीटों पर पर प्रवेश पा चुके नव विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ त्रिभुन शर्मा ने महाविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । एजुकेशन कैंपस के एचओडी डॉ सी एस चौधरी ने वेटरनरी साइंस में प्रवेश हुए सभी छात्र छात्राओं को पाठ्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।

सौरभ कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी साइंस में शनिवार को प्रवेश उत्सव मनाया ।

प्रवेश लॉटरी निकाली

कुम्हेर, (निसं) । सोगर गांव में नव स्थापित राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से विधार्थियों का चयन किया गया । प्रधानाचार्य रश्मि चौधरी ने बताया कि विधालय में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु कुल 216 आवेदन प्राप्त हुए । इस अवसर पर प्रमोद, इंदर सिंह, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

कुशवाहा ने अपने अनुभव खिलाड़ियों से साझा किए

भरतपुर (निसं) । भरतपुर किला स्थित जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर देने के लिए सिगो काई कराटे दो एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोलकाता से प्रशिक्षित जापान कराटे ब्लैक बेल्ट एवं कुक्कीवों साउथ कोरिया ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट सेंसेई नेहा कुशवाहा ने अपने अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा किया।

उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो एवं कराटे खेल में हुए बदलावों के बारे में खिलाड़ियों को बताया। शुरुआत में प्रशिक्षक नेहा कुशवाहा एवं अन्य अतिथियों ने क्लब के संस्थापक जयशंकर टाईगर की मूर्ति पर माला एवं दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में अतिथि प्रशिक्षक सेंसेई नेहा कुशवाहा का क्लब के सदस्यों ने माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। अतिथि प्रशिक्षक नेहा कुशवाहा ने बताया कि ताइक्वांडो व कराटे से युवक-युवतियों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर, फिजिकल फिटनेस एवं आत्मसुरक्षा की भावना पैदा होती है जो आज के युग में युवतियों के लिए आवश्यक है।

कार्यालय पंचायत समिति, चौथ का बरवाडा

क्रमांक/प.स.सीकेबी/लेखा/2022-23/10-16 दिनांकः 12.05.2022

निविदा सूचना 01/2022-23

कार्यालय पंचायत समिति चौथ का बरवाडा में निम्न कार्यों हेतु इच्छुक निविदादाता/व्यक्ति/फर्म से निम्नानुसार निविदाऐ आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये	अमानत राशि रूपये	निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	निविदा खोलने की तिथि व समय
1.	स्टेशनरी क्रय	1.50 लाख	200/-	3000/-	23.05.2022 दोपहर 12.00 बजे	23.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	25.05.2022 दोपहर 2.00 बजे
2.	टेन्ट, माइक, जनरेटर व्यवस्था आदि	1.00 लाख	200/-	3000/-	23.05.2022 दोपहर 12.00 बजे	23.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	25.05.2022 दोपहर 2.00 बजे
3.	चाय, नाश्ता दिन में दो बार एवं दोपहर भोजन व्यवस्था	1.00 लाख	200/-	3000/-	23.05.2022 दोपहर 12.00 बजे	23.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	25.05.2022 दोपहर 2.00 बजे
4.	चाय, नाश्ता दिन में दो बार तथा रात्रि का भोजन व्यवस्था	1.00 लाख	200/-	3000/-	23.05.2022 दोपहर 12.00 बजे	23.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	25.05.2022 दोपहर 2.00 बजे
5	फोटो स्टेट कार्य	1.00 लाख	200/-	3000/-	23.05.2022 दोपहर 12.00 बजे	23.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	25.05.2022 दोपहर 2.00 बजे
6	हड्डी ठेका नीलामी		200/-	3000/-	23.05.2022 दोपहर 12.00 बजे	23.05.2022 दोपहर 1.00 बजे	25.05.2022 दोपहर 2.00 बजे

क्र.सं. 6 पर अंकित निविदा की निलामी खुली बोली द्वारा की जावेगी। निविदा संबंधी विवरण एवं शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती है। अमानता राशि नकद/डी.डी./बैकर्स चैक स्वीकार किये जावेगें। निविदा संबंधी समस्त अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित है।

NIB Code. ZSM2223A0056
UBN- ZSM2223GLR00077

विकास अधिकारी
पं.सं. चौथ का बरवाडा